पिथौरागढ़ में प्रवासी भाईयों के लिये रोजगार सृजन हेतु एक दिवसीय कुक्कुट वितरण कार्यक्रम

पशुपालन विभाग जनपद पिथौरागढ़ द्वारा प्रवासी भाईयों के लिये रोजगार सृजन हेतु एक दिवसीय कुक्कुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य जाति के बी०पी०एल० एवं अन्त्योदय परिवारों के प्रवासियों को एक दिवसीय कुक्कुट पक्षी वितरित किए गये। आदरणीय जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रवासियों को पशुपालन को रोजगार का साधन बनाने का आव्हान किया गया। पलायन रोकने में पशुपालन की महत्त्वपूर्ण भूमिका बताते हुये उन्होंने विभाग को पर्याप्त धनराशि देने का आश्वासन दिया। कुक्कुट प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिये आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिया गया।